## महाशिवरात्रि पर भोले के जय कारों से गूंजे शिवालय



**गोटेगांव, देशबन्धु।** फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है ,हिंदू मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव जी और माता पार्वती का विवाह हुआ था, इस दिन भक्त भोलेनाथ की पूजा करते हैं ,और व्रत रखते हैं।

वहीं विधि विधान से आराधना करते हैं, माना जाता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर की उपासना से कई गुना अधिक फल मिलता है, महाशिवरात्रि को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार माता पार्वती ने शिव को पति रूप में पाने के लिए कठिन तपस्या की थी इसके फलस्वरूप फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को माता पार्वती का विवाह भगवान शिव से हुआ था। इसी क्रम में आज महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर,लकड़ी डिपो शिव मंदिर,राजयोग शंकराचार्य बाल लीला धाम बरहटा,श्री सिद्धेश्वर मंदिरों में विधि विधान से भक्तों द्वारा भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया गया एवं पूजन अर्चन किया गया।

सुबह से ही मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही।नगर और आस पास के शिवालयों में भक्तों द्वारा सुबह से ही शिवलिंग पर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं नगर के शिवालयों पर जल, बेलपत्री, धतूरा आदि सामग्री भक्तों ने भोलेनाथ के चरणों में अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन रहे हैं।

### पांच दिवसीय महोत्सव में स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती का आगमन



**पिपलानारायणवार, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के पांच दिवसीय महोत्सव में मानस प्रबोध आश्रम सुमेरुकुट घोघरा टेकड़ी पर शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज का आगमन हुआ आश्रम के सदस्यों द्वारा स्वामी जी का स्वागत सत्कार किया इसके बाद स्वामी जी ने भक्तों को दर्शन दिए तत्पश्चा स्वामी जी द्वारा शिव भगवान श्री नर्मदेश्वर स्वयंभूनाथ का अभिषेक पूजन आरती की गई। शंकराचार्य जी का आशीर्वाद लेने पहुंचे पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नाना भाऊ मोहोड,सौसर विधायक विजय चौरे आदि उपस्थित थे ।

## 362 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

**छपारा, देशबन्धु ।** मध्य प्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजनातर्गत जनपद पंचायत छपारा जिला सिवनी के तत्वावधान में 362 जोड़ो का विवाह सम्पन्न कराया गया।

ज्ञात हो कि मंगलवार 25 फरवरी को सामूहिक विवाह निकाह कार्यक्रम का नगर के सिंचाई कालोनी स्थित मैदान में आयोजित हुआ जिसमें 239 जोड़े अनुसूचित जनजाति गौंडवाना रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुए, साथ ही 117जोड़ो का विवाह हिन्दू रीति रिवाज से हुआ एवं 6 जोड़ो का विवाह मुस्लिम रीति रिवाज से कराया गया इस तरह कुल 362 जोड़ो की शादी सम्पन्न हुई।

दोपहर बारह बजे शुरू हुए उक्त कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह की उपस्थिति रही, और विधायक द्वय ने सभी जोड़ो को मंच से अपना आशीर्वाद देकर उज्ज्वल भविष्य की



कामना की। वहीं योजना अंतर्गत सभी वर-वधु वैवाहिक जोड़ों को 49 हजार रूपए की राशि के चेक वितरित किए गए इस अवसर पर एसडीएम लखनादौन रविकुमार सिहाग सहित स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

**सड़क पर लगा रहा जाम** -मुख्य मंत्री विवाह योजना में संपूर्ण छपारा जनपद से आए लोगों की वजह से एक समय

मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई।

प्रत्यक्ष दर्शी की माने तो दोपहर 3 बजे सिंचाई कालोनी ग्राउंड के दोनों ओर लंबे हिस्से में आवागमन बाधित रहा सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल पर पुलिस स्टाफ की गैरमौजूदगी और पार्किंग स्थल को सुनिश्चित नहीं होने से मैदान के चारों ओर बड़ी संख्या में चौपहिया और दोपहिया वाहनों को जहां स्थान मिला वहीं खड़ा कर दिया गया जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रही और आवागमन भी बाधित रहा।

वहीं कार्यक्रम के आयोजन में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ,एसडीएम लखनादौन रवि सिहाग ,जनपद अध्यक्ष छपारा सदम सिंह बरकड़े,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आरिफ मोहम्मद खान,गुलाब साहू, सिहाब मोहम्मद खान,जिला कांग्रेस महामंत्री रमेश चौहान,नितिन जैन, रमाकान्त ठाकुर,वरिष्ठ सूरज लाल बंजारा, महताप सिंह ठाकुर,नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह,जनपद उपाध्यक्ष प्रभात ठाकुर,कुलदीप सिंह ठाकुर, चंदू श्रीवात्री समेत समस्त जनप्रतिनिधि गण, समस्त पदाधिकारी गण एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सार-समाचार


### झोतेश्वर पुलिस चौकी ने अवैध शराब के साथ तीन आरोपियों को पकड़ा

**गोटेगांव, देशबन्धु।** गोटेगांव के समीपी ग्राम झौतेश्वर पुलिस चौकी की गिरफ्त में 3 अवैध शराब के कारोबारी, और उनके पास से 310 पाव देशी शराब एवं 2 मोटर साईकिल जप्त की गई। विशेष अभियान के तहत पुलिस चौकी झौतेश्वर ने दिनांक 25.02.2025 को आरोपी दुर्गेश पिता सुंदरलाल यादव, उम्र 24 वर्ष,राहुल पिता छोटेलाल यादव, उम्र 23 वर्ष,अनिल ठाकुर पिता कालुराम, उम्र 21 वर्ष सभी निवासी ग्राम बंधा,थाना मुंगवानी, जिला नरसिंहपुर को गिरफ्तार किया गया है तथा इनके कब्जे से 310 पाव देशी मदिरा मसाला शराब एवं घटना प्रयुक्त दो मोटर साईकिल को जप्त किया गया है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग 35 हजार रुपया बताई जा रही है।आरोपियों के विरूद्ध के अपराध क्रमांक 145/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपियों को माननीय न्यायालय नरसिंहपुर पेश किया गया है।कार्यवाही में झोतेश्वर चौकी प्रभारी एसआई दिलीप सिंह, एएसआई सुरेश धुर्वे, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र झारिया, आरक्षक परसराम एवं गौरीशंकर पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।स्मरण हो कि चौकी प्रभारी द्वारा अपराध पर लगाम लगाने की दिशा में कई कदम भी उठाए जा रहे हैं जिससे अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।



### लाठगांव में आज से श्रीमद भागवत कथा

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव के नजदीकी ग्राम लाठगांव में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 27 फरवरी से किया जा रहा है जिसमें कथावाचक नवीन बिहारी सांवरे सरकार गौपीठ सुर्खी संस्थापक बुंदेलखंड सागर के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जाएगा कथा की शुरुआत दिनांक 27 फरवरी गुरुवार को भव्य कलश यात्रा,एवं पूजन के साथ होगी इसके उपरांत कथा प्रारंभ होगी कथा प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम तक की जाएगी पूजन पाठ प्रतिदिन सुबह 8 से 11:00 बजे तक रहेगा। 6 मार्च 2025 को कथा का समापन एवं भंडारे का। आयोजन किया जाएगा। कथा के मुख्य यजमान सुंदरलाल साहू,श्रीमती ज्योति साहू। कथा का आयोजन समस्त साहू समाज एवं गांववासियों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें सभी ग्रामवासियों ने भक्तों से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।



### फसल विविधीकरण विषय पर अधिकारियों व आदान विक्रेता का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

**सिवनी, देशबन्धु।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में कृषि प्रणाली अनुसंधान परियोजना जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर एवं भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम मेरठ द्वारा फसल विविधीकरण विषय पर दो दिवसीय कृषि प्रसार अधिकारी व आदान विक्रेता का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ एम एल केवट एवं विशिष्ट अतिथि आचार्य एवं विभागाध्यक्ष पौध कार्यकी विभाग डॉ ज्ञानेन्द्र तिवारी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नम्रता जैन परियोजना प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ एम एल केवट ने कहा कि जिस प्रकार हमारे जीवन में विविधता का महत्व हे उसी प्रकार फसल की गुणवत्ता एवं भूमि की उत्पादकता की दशा सुधारने में फसल विविधीकरण की महती उपयोगिता है।

अपने माटी के कार्बन की उपयोगिता, मिश्रित खेती, क्षेत्र विशेष खेती. इंटर क्रॉपिंग दलहनी व तिलहनी फसलों के प्रति हेक्टेयर उत्पादन प्राप्त कर बेहतर कृषि कार्य कर आर्थिक स्थिति को सुदृढ बना सकते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ ज्ञानेन्द्र तिवारी ने बताया की खेती की बेहतर तकनीक, उन्नत किस्मों व औषधिय पौधों का बेहतर चयन कर सही जानकारी से बेहतर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है अत: समय परिस्थितियों के अनुसार हमारे किसान भाइयों को स्मार्ट खेती करनी होगी ताकि फसलों के विविधीकरण करने से विषम परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना की नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नम्रता जैन ने बताया कि फसल विविधीकरण परियोजना अंतर्गत मध्यप्रदेश में यह प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में प्रारंभ किया गया है यह बड़े गौरव की बात है कि सिवनी जिले से इस फसल विविधीकरण परियोजना का कार्य किया जा रहा है।

## शिव मंदिरों में हुआ अभिषेक, की पूजा, अर्चना

**रामाकोना, देशबन्धु।** संतो की नगरी पैठण तुल्य श्री तीर्थ क्षेत्र ग्राम रामाकोना मे महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विभिन्न शिव जी के मंदिर मे पूजा, अर्चना एवं अभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न हुए ।

ग्राम के दुर्गा कॉलोनी स्थित शिव मंदिर मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी खंडाईत दम्पति द्वारा अभिषेक किया गया तथा दुर्गा कॉलोनी वार्डवासियो की उपस्थिति मे साबूदाने की खिचड़ी एवं मट्ठा का वितरण किया गया ।





### मोक्षधाम में प्राण-प्रतिष्ठा, दुर्गा कॉलोनी शिव मंदिर में हुआ फलहार का वितरण

विठल मंदिर परिसर मे गायत्री परिवार द्वारा दीप यज्ञ एवं हवन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

कन्हानेश्वर महादेव मोक्षधाम मे शिव जी की मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा - ग्राम के वार्ड क्रमांक 12 स्थित हिन्दु मोक्षधाम मे ग्राम वासियो के सहयोग से शिव जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है बुधवार को क्षेत्र के ख्याति प्राप्त महाराज पंडित द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई।

## जनपद सामान्य सभा की बैठक में अनेक मुद्दों और विकास कार्यों को लेकर हुई चर्चा

**चौरई, देशबन्धु ।** जनपद सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गयी । बैठक में जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी की उपस्थिति में आयोजित हुई जिसमे विभाग वार समीक्षा की गई । समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों ने अपने अपने विभाग की जानकारी दी। जनपद अध्यक्ष श्रीमति रघुवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जन हितैषी अनेकों बिषयों सहित अन्य मुद्दों में भी चर्चा की गई और जिसमें विभिन्न विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों के जानकारी से सदन को अवगत कराया और बैठक में बार बार सुचना देने के उपरांत भी नहीं आने बाले विभागों खण्ड चिकित्सा अधिकारी चौरई,न अपने विभागीय अधिकारियों को पहुंचाते हैं, और विभाग की अनुपस्थिति पर सदन द्वारा नाराजगी व्यक्त कर बरिष्ट अधिकारियों लेख किए जाने के निर्देश अध्यक्ष द्वारा दिए गए।




बैठक में सामुहिक रूप से सर्व सम्मति से उपरोक्त अनुपस्थित विभाग प्रमुख अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदन द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया ।

बैठक में मुख्य रूप से जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शेलकुमारी कमलेश वर्मा, तरुण रहांगडाले मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद के समस्त सभापति महोदय और समस्त जनपद सदस्य गण और अधिकारी कर्मचारी सहित सभी मौजूद रहे*

और समस्त विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों व समस्त स्टाफ और जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## घोगरा में महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर लगा मेला

**पिपलानारायणवार, देशबन्धु ।** आज महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर तीर्थ क्षेत्र घोघरा में भव्य मेला का आयोजन संपूर्ण हुआ जिसमें सुबह से आरंभ हुआ है इस अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में ब्रह्मा मुहूर्त में भगवान भोलेनाथ के मूर्ति अभिषेक पूजा आरती के साथ आज महाशिवरात्रि के मेले का शुभारंभ हुआ क्षेत्र के आसपास के ग्रामों से हजारों की तादाद में शिव भक्त भक्त मेले में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का दर्शन का लाभ लिया इस मेले में चिंतामणि महाराज गुरुवे के हरिनाम कीर्तन में महाराज ने भगवान शिव के एवं भगवान कृष्ण का चरित्र में कीर्तन का वर्णन किया।



इस अवसर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर पीपला नारायणवार में नंदजी कॉलोनी , बर्ड चौक , नगर परिषद पीपला के सभी शिव मंदिर सजे हुए हैं और भगवान शिव की पूजा अर्चना की और मंदिरों में भजन सुबह से किए जा रहे हैं नगर का वातावरण भक्ति में निर्मित हुआ है मेले का आयोजन शांतिपूर्ण शाम तक संपन्न हुआ ।

## जनसुनवाई में 112 आवेदन हुए प्राप्त

**सिवनी, देशबन्धु ।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत, संयुक्त कलेक्टर प्रियंका वर्मा सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील बरघाट ग्राम पिंडरई निवासी मीना लांजेवार द्वारा लाड़ली बहना योजना एवं उज्जवला गैस का लाभ दिलाए जाने विषयक, तहसील सिवनी ग्राम बोरदई निवासी कविता सोनकेशरिया द्वारा मकान का कब्जा दिलाए जाने, तहसील सिवनी ग्राम बम्हनी निवासी रमेश चंद्रवंशी द्वारा उचित मूल्य दुकान से राशन दिलाए जाने, तहसील घंसौर ग्राम गोरखपुर निवासी पन्नुलाल यादव द्वारा झाबुआ पावर प्लांट में रोजगार दिलाए जाने, सिवनी निवासी थानसिंह बंदेवार द्वारा मकान का पट्टा प्रदाय किए जाने, तह सिवनी ग्राम कोठिया निवासी यज्ञ नारायण दीक्षित द्वारा नियम विरूध्द नहर के पानी की रसीद काटने, ग्राम कमकासुर निवासी नर्मदा सनोड़िया द्वारा भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, गांधी वार्ड सिवनी निवासी सियावती बाई द्वारा परिवार समग्र आईडी में नाम जुड़ाने, ग्राम स्थित प्रचीन शिव मंदिर के तालाब का जीर्णोध्दार कराने विषयक सहित कुल 112 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश दिए।

## उप पंजीयक कार्यालय चल रहा प्रभारी के भरोसे

**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय तहसील का उपपंजीयक कार्यालय जो कि जनपद पंचायत के मैदान में स्थित है इस समय अप डाउन की बैसाखी पर चल रहा है।इस कार्यालय में तैनात रजिस्टर अतिरिक्त प्रभार पर है जो की सिवनी जिला के लखनादौन एवं गोटेगांव में दो जगह प्रभार पर रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



सूत्र द्वारा पता चला है कि रजिस्टर अधिकारी सोमवार मंगलवार को गोटेगांव पंजीयन कार्यालय में उपस्थित रहते हैं बुधवार के दिन वह लखनादौन में उपस्थित रहते हैं बाकी के दिन गोटेगांव कार्यालय में रहते हैं अब आप समझ सकते हैं कि मार्च का महिना जोकि शासकीय विभागों के हिसाब से महत्वपूर्ण माना जाता है। राजस्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाला कार्यालय आखिर क्यों अब तक प्रभार के भरोसे रैग रहा है यह शासन प्रशासन के लिए बड़ा सवाल बना हुआ है।एवं नगर में जनचर्चा का केंद्र भी बना है।

## बुद्ध आंबेडकर के अनुवाइयों ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**सौसर, देशबन्धु।** मंगलवार को नगर में भारतीय बौद्ध महासभा सौसर,बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर, बुद्ध धम्म प्रचार समिति काजलवानी, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, सुजाता महिला मंडल संजय नगर, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल, मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल, भीम आर्मी सौसर, तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखीवाड़ा, आदि संस्थाओं के द्वारा बुद्धगया महाबोधि महाविहार में चल रहे आमरण आंदोलन एवं बौद्धगया महाविहार के मुक्ति को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौसर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इसके पूर्व बुद्ध आंबेडकर अनुवाइयों के द्वारा रैली निकाल कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। महामहिम राष्ट्रपति के नाम सोपे ज्ञापन में पूज्य भन्ते सारिपुत्रजी भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, चंद्रभान बागडे मुरलीधर कामले,डॉ एल ठवरे, बौध्द नवयुवक्र युवती परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े ने बताया कि महाबोधि महाविहार को वर्ग विशेष के कब्जे से मुक्ति के लिए देश विदेश से भिक्खू भिखुनी, बौध्द समाज द्वारा शांतिपूर्ण रूप से 12 फरवरी से महाबोधि परिसर बोधगया में आंदोलन कर जा रहे है। दुनिया के सभी धर्म की पवित्र जगह उनके अनुवायीयों के पास है। महाबोधि महाविहार को भिक्खुओं को न सौप कर एक वर्ग विशेष ने अपने कब्जे में रखा है।



प्रधानमंत्री जी विदेशों में जाकर मैं बुद्ध के देश से आया हूं कहते हैं। परंतु तथागत बुद्ध का प्रमुख स्थल महाबोधि महाविहार बौद्धों के हाथों में न होकर एक वर्ग विशेष के हाथों में सालों से है। हजारों भिक्खु संघ के द्वारा बौध्दगया में निरंतर 15 दिनों से आमरण आंदोलन किया जा रहा है। केंद्र सरकार और बिहार सरकार ने रास्ता निकाल कर महाबोधि बोद्धगया महाविहार को बौध्द समाज या भिक्खू संघ को सौपना चाहिए, इसके अलावा बिहार सरकार के द्वारा महाबोधि बिहार बोधगया का संपूर्ण परिसर तथा आजू-बाजू की तीन किलोमीटर का क्षेत्र बौद्धों के हाथों में देना चाहिए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है पूज्यबदंत आकाश लामा जी को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। आदि मांगों का समावेश है।

सरकार और शासन के द्वारा उक्त मांगों पर निराकरण नहीं करने पर भविष्य में बौद्ध समुदाय के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान लक्ष्मीदास बोरकर,विट्ठल बागड़े, दीपक नागदवने, प्रेमराज गजभिये, सिद्धार्थ सोमकुंवर, डॉ राहुल वाहने, पुरुषोत्तम गजभिये, भीमराव सोमकुंवर, दिवाकर बागड़े, मयूर गजभिये, अशोक कड़बे,अमित बंसोड़, शत्रुघ्न ठवरे, रवींद्र रंगारे, प्रवीण पाटिल, विजय चाँदेकर, डॉ राजेश सोमकुंवर, अनिल रंगारे, सिद्धाथ बागड़े,संजय ढोके, एड दिनेश बागड़े, महादेव गोडबोले,प्रदीप सोमकुंवर,एड सरोज दुफारे,पमिता बागड़े, सविता दुफारे, अलकाबाई बागड़े, चंद्रप्रभा ठवरे,संघमित्रा गजभिए, रमाबाई गजभिये, योगिता कड़बे आदि थे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 27 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अमावस्या, नक्षत्र-धनिष्ठा।**

### मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

### वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

### मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।
क-

### कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

### सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

### कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

### तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

### वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

### धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

### मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

### कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

### मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.